समक्ष न्यायालय श्रीमान मध्यप्रदेश राजस्व मंडल ग्वालियर

प्रकरण कमाँक R-615-II/12

आवेदक — विजय पिता स्व0 श्री मोहन गिरी उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम कुंदवारी तहसील व जिला जबलपुर

बनाम

अनावेदकगण

1. महेश गुप्ता आ0 रामप्रसाद गुप्ता निवासी 144/19 गोहलपुर नई बस्ती न0 1 जबलपुर
2. सुरेश गुप्ता आ0 रामप्रसाद गुप्ता निवासी 144/19 गोहलपुर नई बस्ती नं0 1 जबलपुर

पुनरीक्षण अंतर्गत धारा 50 म0प्र0 भू–राजस्व संहिता संशोधन अधिनियम 2011

आवेदक तहसीलदार नगर (महाराजपुर वृत) के राजस्व प्रकरण कं0 302/अ–12/ 10–11 में पारित सीमांकन आदेश दिनाँक 2/2/12 (एनेक्जर ए/1) से परिवेदित होकर यह पुनरीक्षण माननीय न्यायालय के समक्ष निम्नलिखित तथ्यों व आधारों पर प्रस्तुत करता है:—

तथ्य

1. यह कि आवेदक को अपने पिता से बंटवारा में ख0नं0 84/1 में से रकवा 0.587 हे0 भूमि प्राप्त हुयी थी जिस पर आवेदक द्वारा नाम दर्ज किये जाने पर आवेदक ख0नं0 84/2 रकवा 0.587 हे0 का मालिक व काबिज हुआ। खसरा पाँचसाला वर्ष 1975 से 1979 की प्रति एनेक्जर ए/2 है।

2. यह कि ख0नं0 84/2 के रकवा 0.587 हे0 में से आवेदक ने दिनाँक 8/8/1989 को रकवा 0.082 हे0 भूमि नसीम अहमद को पंजीकृत विक्रयपत्र के माध्यम से विक्रय कर दिया था, इसी दिन अर्थात 8/8/1989 को आवेदक ने रकवा 0.08 हे0 भूमि मतलूब अहमद व मो0 शाबिर को पंजीकृत विक्रयपत्र के माध्यम से विक्रय कर दी थी। इसी प्रकार आवेदक ने ख0नं0 84/2 में से 0.088 हे0 भूमि मोहम्मद असगर को पंजीकृत विक्रयपत्र दिनाँक 30/12/1989 के माध्यम से विक्रय कर दी थी। इन विक्रयपत्रों के अलावा एक अन्य विक्रयपत्र के द्वारा ख0नं0 84/2 में से आवेदक ने 0.08 हे0 भूमि मुमताज अहमद को विक्रय की थी, इसके अलावा आवेदक ने अन्य कोई भूमि ख0नं0 84/2 में से

XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण कमांक निगरानी 615–एक/12 जिला – जबलपुर

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेष	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
25–5–16	आवेदक की ओर से कोई उपस्थित नहीं । प्रकरण का अवलोकन किया गया । इस प्रकरण में आवेदक अधिवक्ता दिनांक 25–4–12 को उपस्थित थे किंतु उसके बाद लगातार अनुपस्थित हैं । आवेदक को उक्त दिनांक के बाद कई बार सूचना पत्र जारी किया गया किंतु फिर भी उनकी ओर से कोई उपस्थित नहीं हो रहा है । इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आवेदक को प्रकरण को आगे चलाने में कोई रूचि नहीं है । अतः प्रकरण इसी स्तर पर समाप्त किया जाता है । दाखिल रिकार्ड हो । सदस्य	